प्रेस विज्ञप्ति

1100 पौधे लगाए जाएंगे

पर्यटन राज्य मंत्री ने 'हाथी गांव' में शुरू किया वृक्षारोपण अभियान

जयपुर, 1 अगस्त। 'हाथी गांव' में 1100 पौधे लगाए जाएंगे। राजस्थान की पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्रीमती कृष्णेंद्र कौर (दीपा) ने आज 'हाथी गांव' में पौधारोपण कर वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की। इसके बाद, पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं 'एलीफेंट वेलफेयर एसोसिएशन' के सदस्यों द्वारा अनेक पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पर्यटन निदेशक, श्री आशुतोष एटी पेडनेकर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। उनके अतिरिक्त एलीफेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव, श्री रशीद खान भी शामिल थे।

इस अवसर पर पर्यटन राज्य मंत्री ने अधिकारियों और एसोसिएशन के सदस्यों को इन पौधों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। निदेशक ने जानकारी दी कि वर्तमान में हाथी गांव में 51 हाथी हैं, जबकि अन्य 12 हाथी और शामिल किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि जयपुर में हाथी गांव को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए उपयुक्त कदम उठाए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि जयपुर–दिल्ली हाईवे के समीप स्थित कुंडा में वर्ष 2007 में लगभग 102 बीघा क्षेत्र में हाथी गांव विकसित किया गया था। यहां हाथियों के साथ–साथ लगभग 30 हाथी मालिकों के परिवार भी रहते हैं।

फोटो केप्शनः राजस्थान की पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्रीमती कृष्णेंद्र कौर (दीपा) ने आज 'हाथी गांव' में पौधारोपण कर वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत करते हुए।

For further details please contact:

Mr. Ghanshyam Gangwal
Jt. Director
Department of Tourism
Govt. of Rajasthan
M: 09414012211

Media Coordination

Jagdeep Singh
M: 09829065787

Kamal Kant
M: 09571836810